# दिल करे मैं खाटू आऊं | by Nirmal Singh Sisodiya

दिल करे मैं खाटू आऊं और खाटू में बस जाऊं
फिर श्याम तेरे चरणों को मैं छोड़ कहीं ना जाऊं
तुम बसे जब खाटू में जीना मरना खाटू में
सब कुछ अपना खाटू में ओ हारे के सहारे
मेरे बाबा खाटूवाले
श्याम बाबा खाटूवाले

भूला रींगस वाली राहें तुमसे नाता टूट गया
तोरण द्वार आकर बाबा धोक लगाना छूट गया
क्यों करते हो देर घणी, अरज सुनो श्री श्याम धणी
कृपा में तुम शिरोमणि ओ भाग्य जगाने वाले
मेरे बाबा खाटूवाले
श्याम बाबा खाटूवाले

हमको तुम तक जो पहुंचाती तुमसे भक्ति दान मिली
खाटू आना जान हुआ और तुमसे ही पहचान मिली
रुकी है तुमपे मेरी नज़र शीश के दानी दे दो वर
आप ही मेरे सर्वेश्वर करिये कुछ खेल निराले
मेरे बाबा खाटूवाले
श्याम बाबा खाटूवाले

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a6%e0%a4%bf%e0%a4%b2-%e0%a4%95%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%ae%e0%a5%88%e0%a4%82-%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82-%e0%a4%86%e0%a4%8a%e0%a4%82-by-nirmal-singh-sisodiya/